पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 दिसम्बर, 2019 | वर्ष-12 | अंक -236 | पृष्ठ - 14 | मूल्य - 4.00 रुपए

उवाच "यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसों को रोकने के लिए एक्सप्रेस वे प्रबंधन ने काम शुरू कर दिया है। आईआईटी के सुझावों पर अब तक 15 प्रतिशत काम हुआ है। बाकी कामों की समय सीमा तय हो गई है।
डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

पति-पत्नी और वो के कलाकारों ने फिल्म के रोचक पल को किया साझा

ग्रेटर नोएडा, 5 दिसम्बर (देशबन्धु)। पति-पत्नी और वो के स्टार कास्ट ने शुक्रवार को अपनी फिल्म के प्रचार के लिए गौर सिटी मॉल में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे पहुंचे। इस विजिट से मॉल की प्रोफाइल को उभारने के लिए बहुत सारा ग्लैमर जोड़ा गया। स्टार कलाकारों ने गौड़ सिटी मॉल का दौरा किया और अपने प्रशंसकों और मीडिया के साथ बातचीत की। इन तीनों कलाकारों ने फिल्म का प्रचार किया और यह भी बताया कि फिल्म उनके दिलों के कितने करीब है। उन्हें ग्रेटर नोएडा के गौड़ सिटी मॉल में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए देखा गया। इवेंट में दोनों ने मीडिया के सामने फिल्म के बारे में अपने अनुभवों के बारे में बताया। कुछ प्रशंसकों को फिल्म के स्टार कास्ट के साथ तस्वीरें क्लिक करने का मौका मिला। इस अवसर पर, गौड़ ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर, मनोज गौड़ ने कहा कि गौड़ सिटी सिटी मॉल में पति, पत्नी और वो के प्रतिभाशाली कलाकार कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है।